October – 2021 (July-Sep)
Vol. SHQ-BSGUP -002

# BHARAT SCOUTS & GUIDES

## UTTAR PRADESH

# "तेजल"

त्रैमासिक पत्रिका

**"Discipline yourself daily by having a plan... not just vague, wishful thinking.**

- Olave Baden-Powell





# Glimpses of Various Activities



## संपादक मण्डल

❑ **संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
माननीय मंत्री, जल शक्ति
एवं अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सलाहकार**

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सह – सम्पादक**

**कुसुम मनराल**
संयुक्त प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**छवि चतुर्वेदी** – कार्यालय सहायक


**"The real way to gain happiness is to give it to others."**

\- Lord Robert Baden-Powell



## CONTENTS – अनुक्रमणिका


❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत एवं प्रयागराज - 3
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 4
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 8
❖ सर्वोच्च जनपद पुरस्कार योजना - 21
❖ बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता - 34
❖ प्रधानमन्त्री शील्ड प्रतियोगिता - 43
❖ सनशाइन एक विचार - 44
❖ विज्ञापन - 55
❖ प्रादेशिक एवं जनपद संपर्क सूत्र - 49




## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**



प्रिय साथियों,

भारत स्काउट और गाइड की त्रैमासिक पत्रिका '' तेजल '' के द्वितीय अंक के प्रकाशन पर आप सभी को हार्दिक बधाई।

स्काउटिंग/गाइडिंग के सिद्वान्त एंव नियम प्रत्येक युवा बालक एंव बालिका के शारीरिक, आत्मिक, बौद्विक, सामाजिक एंव आध्यात्मिक विकास का मूल आधार है। अतः हम सभी का कर्तव्य है कि हम स्काउटिंग/गाइडिंग में यथासंभव प्रदेश के सभी युवा बालक एंव बालिकाओं को संस्था के सदस्य बनायें, ताकि ये बालक एंव बालिकायें'' एक भारत श्रेष्ठ भारत '' के स्वप्न को साकार कर सकें।

आप सभी के सहयोग से प्रादेशिक संस्था में सदस्यों की संख्या में लगातार बृद्धि हो रही है, किन्तु हम अभी भी अपने अभीष्ट लक्ष्य से काफी पीछे चल रहे हैं। अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति प्रदेश में संचालित सभी विद्यालयों जिनमें सभी बेसिक, माध्यमिक एंव उच्च् शिक्षण संस्थान सम्मिलित हैं, को स्काउट/गाइड आन्दोलन के साथ जोड़ने से ही संभव है। विशेषकर उन विद्यालयों, जिन्हें हम अभी भी इस आन्दोलन में सम्मिलित नहीं कर पाये हैं, को स्काउटिंग/गाइडिंग में जोड़ना अत्यन्त आवश्यक है।

मुझे विश्वास है कि सभी जिला संस्थाएं इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक संख्या में बालक, बालिकाओं एंव युवाओं को इस आन्दोलन से जोड़ने तथा गुणात्मक भ्रातृत्वपूर्ण एंव सौहार्दपूर्ण कार्य संस्कृति को विकसित करने में प्रदेश संस्था का तन, मन तथा धन से सहयोग करेंगे।

आप सभी के द्वारा स्काउटिंग/गाइडिंग के विकास में सदैव योगदान दिया जाता रहा है। जनपदीय संस्थाओं के इस योगदान की सराहना करते हुए मुझे सदैव गर्व महसूस होता रहा है। प्रदेश द्वारा जिला संस्थाओं के उत्साहवर्धन हेतु ''सर्वात्तम जनपद पुरस्कार योजना'' प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्काउटिंग / गाइडिंग के विस्तार एंव सामाजिक स्वीकार्यता हेतु वर्षां से समर्पित जिला संस्थाओं एंव कार्यकर्ताओं के मनोबल में वृद्धि करना है। इस संबंध में विस्तृत निर्देश आपको प्राप्त हो चुके होंगे।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के द्वारा प्रादेशिक संस्था की इस नवीन पहल का स्वागत किया जायेगा और अपनी पूर्ण ऊर्जा का उपयोग करते हुए इस स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर पूरे मनोयोग एंव परिश्रम से प्रथम आने का प्रयास किया जायेगा।


आशा है कि आप सभी को “तेजल” का यह अंक रूचिकर एंव ज्ञानवर्धक लगेगा। आपका एंव आपके सुझावों का सदैव स्वागत है।

पुनश्चः हार्दिक शुभकामानाओं के साथ।

(डॉ० प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

एक झलक ...

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत



### प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा) में निर्माण कार्य प्रगति पर









## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज


















## प्रादेशिक कार्यक्रम

## वर्कशॉप ऑन योगा इंस्ट्रक्टर कोर्स ऑफ कम्युनिटी लीडर

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में वर्कशॉप ऑन योगा इंस्ट्रक्टर कोर्स ऑफ कम्युनिटी लीडर कोर्स के दो बैच का आयोजन दिनांक 1 से 7 जुलाई और 1 से 7 अगस्त की अवधि में किया गया | सात दिवसीय शिविर में प्रशिक्षित योग गुरु और उनके सहयोगियों ने विभिन्न जनपदों के प्रतिभागियों को योग की बारीकियों से रूबरू कराया । द्वितीय चरण के योगा शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी ने कहा योगा किसी भी बीमारी से बचने का सबसे बड़ा योगदान है। योगा हमारे शरीर में सामंजस्य बिठाने का काम भी करता है। उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक बीमारियां शारीरिक बीमारी में परिवर्तित हो जाती है। मस्तिष्क के विकार की वजह से वह शरीर में आने लगती है। योगा, इन सब से बचने का बहुत बड़ा साधन है। जिसके सहारे हम न केवल स्वस्थ रह सकते हैं बल्कि लंबा जीवन भी जी सकते हैं। स्टेट कमिश्नर गाइड ललिता प्रदीप ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि योग को सभी अपनी-अपनी दृष्टि से देखते हैं। वास्तव में योग एक जीवन शैली है। जिसका उपयोग व स्वयं अपने जीवन में कभी न कभी करते आ रहे है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंस के निर्देशक प्रोफेसर (डॉ) जी एस शुक्ला ने नो योर बॉडी विषय पर विधिवत प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीनियर योगा कंसलटेंट,यू पी राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय डॉ अमित कुमार सिंह जी ने योग क्या है और क्यों और कैसे किया जाना चाहिए इस समसामयिक विषय पर प्रकाश डाला। भारत स्काउट और गाइड के सीनियर योगा ट्रेनर डॉ बी इस्लाम ने भी सत्र को संबोधित किया। और कहा कि बहुत सोच समझकर योगा की शुरुआत की गई। वर्ष 2008 में स्काउट गाइड का पहला योगा शिविर पंचमढी में आयोजित किया गया था। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड को भी बधाई दी और कहा कि यह योगा शिविर प्रदेश को उच्चतम शिखर पर ले जाएगा | योगा सत्र के दौरान डॉ. इस्लाम से प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कोर्स का संचालन श्रीमती वंदना तिवारी सहायक प्रादेशिक कमिश्नर(गाइड) ने किया। योगा शिविर में प्रशिक्षक के रूप में श्री महेश मुच्छाल, श्री महेश कुमार, श्री कुलदीप सिंह, श्री जियाउल हक़, अनु देशवाल कार्य किया | इस दौरान प्रमुख रुप से प्रादेशिक सचिव श्री आनंद सिंह रावत, प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री राजेंद्र सिंह हंसपाल, प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अरविंद श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती देवकी शोभित ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। योग शिविर में 142 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण कराया | सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शिविर का आयोजन दो चरण में किया गया था |






## विश्व शांति दिवस 2021





दिनांक 21 सितंबर 2021 को प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर प्रदेश के जनपद पदाधिकारियों के साथ एक वेबीनार समय 3:00 से 4:00 के मध्य आयोजित की गई जिसमें विभिन्न जनपदों के जिला संगठन आयुक्त स्काउट और गाइड एवं आई०टी०कोऑर्डिनेटर ने प्रतिभाग किया। जनपदों के पदाधिकारियों द्वारा विश्व शांति दिवस पर जनपदों में किया किए गयें कार्यों की आख्या प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री राजेंद्र सिंह हंसपाल, प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट द्वारा जनपदों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बतलाया गया कि विश्व शांति दिवस सन 1982 से मनाया जा रहा हैं, वर्ष 2001 तक यह दिवस सितंबर माह के तृतीय मंगलवार को मनाया जाता था यू०एन०ओ0 द्वारा वर्ष 2002 में 21 सितंबर को विश्व शांति दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई। तब से निरंतर प्रतिवर्ष 21 सितंबर को विश्व शांति दिवस मनाया जाता हैं। जनपद पदाधिकारियों से यह भी अपेक्षा की गई वह विश्व शांति दिवस पर किए गए जनपदों में कार्यों की आख्या मुख्यालय की ईमेल.आई.डी. पर प्रेषित करेंगे। इस अवसर पर प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने प्रदेश के सभी जनपदों के पदाधिकारियों को विश्व शांति दिवस के अवसर पर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया एवं तकनीकी सहयोग सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री अदनान हाशमी द्वारा किया गया।

## पी0एम0शील्ड, लक्ष्मी मजूमदार अवार्ड और उप राष्ट्रपति अवार्ड कार्यशाला *




भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित पी०एम०शील्ड, लक्ष्मी मजूमदार अवार्ड और उप राष्ट्रपति अवार्ड कार्यशाला दिनांक 07 से 09 अगस्त 2021 की अवधि में ऑनलाइन आयोजित की गई | सर्वप्रथम प्रादेशिक आयुक्त स्काउट श्री राजेश मिश्रा द्वारा समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही कहा कि यह कार्यशाला बहुत ही उपयोगी है जिसके माध्यम से आप अपनी उपयोगिता को समाज में प्रदर्शित कर पायेंगे। तत्पश्चात प्रादेशिक सचिव श्री आनंद सिंह रावत नेजुड़े हुए यूनिट लीडर स्काउट और गाइड तथा रोवर और रेंजर को संबोधित करते हुये कहा कि दल व कम्पनी को आगे बढ़ाने में पी०एम०शील्ड, लक्ष्मी मजूमदार अवार्ड और उप राष्ट्रपति अवार्ड अहम् भूमिका निभाती है। साथ ही समस्त प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद प्रदान किया। इसके बाद प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट श्री राजेंद्र सिंह हंसपाल ने समस्त प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता के पंजीकरण और कार्य करने व् कार्यावधि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। ए०एस०ओ०सी० सुश्री पूनम संधू द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रौढ़ शिक्षा के बारे बिन्दुवार ज्ञान का बोध कराया गया। ए०एस०ओ०सी० श्री नौशाद अली सिद्दीकी द्वारा पी०एम० शील्ड प्रतियोगिता के अगले विषय विश्व में व्याप्त रीति रिवाज और कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा आदि, विभिन्न वर्गों, धर्मों एवं जातियों के प्रति सम्मान और सहनशीलता, कुष्ठ निवारण, तथा राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करना, नशा उन्मूलन, वन्यजीव संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया।कार्यशाला का संचालन एस०ओ०सी० (स्काउट) श्री राजेंद्र सिंह हंसपाल और एस०ओ०सी० (गाइड) श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव ने किया।

## पेट्रोल लीडर कोर्स




भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ द्वारा माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ0 प्रभात कुमार के निर्देशन में दिनांक 06 से 10 जुलाई 2021 की अवधि में ऑनलाइन पेट्रोल लीडर कोर्स का आयोजन किया गया | *पांच दिवसीय कोर्स* कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट गाइड प्रार्थना से की गई | कोर्स का शुभारम्भ श्री राजेश मिश्रा, प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) द्वारा किया गया | इस अवसर पर उन्होंने समस्त प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में यदि स्काउट गाइड की सभी क्रियाकलापो को पेट्रोल सिस्टम से किया जाये तो कार्य में निश्चय ही प्रगति होगी। इन्ही शब्दो के साथ उन्होंने समस्त प्रतिभागियों को ढेर सारी शुभकामनाये दी। इसके बाद प्रादेशिक कमिश्नर गाइड सुश्री ललिता प्रदीप जी ने समस्त प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान किया। सीनियर लीडर ट्रेनर स्काउट श्री लक्ष्मीकांत शुक्ला द्वारा प्रतिभागियों को महामारी प्रकृति की बीमारियों में स्काउट गाइड के दायित्व के निर्वहन के संबंध में विधिवत ज्ञान कराया गया । प्रादेशिक आयुक्त स्काउट श्री राजेश मिश्रा के पश्चात प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव ने प्रतिभागियो को टोली प्रबंधन के बारे में सार्वगर्भित ढंग से ज्ञान का बोध कराया। अंत में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट आई०टी० श्री अदनान हाशमी द्वारा कार्यक्रम के दौरान आयोजित ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया| जिसमे स्काउट संवर्ग में प्रथम स्थान जनपद पीलीभीत से सचिन, द्वितीय स्थान जनपद हरदोई से चिराग शुक्ला, और तृतीय स्थान जनपद हरदोई से अर्पित कश्यप ने प्राप्त किया तथा गाइड संवर्ग में प्रथम स्थान पीलीभीत से आस्था शर्मा, द्वितीय स्थान पीलीभीत से अंशिका शुक्ला और तृतीय स्थान जनपद अमेठी की फिरदौस बानो ने प्राप्त किया। अंत में पेट्रोल लीडर कोर्स के लीडर ऑफ द कोर्स प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट श्री राजेंद्र सिंह हंसपाल और प्रादेशिक संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव ने कोर्स के समापन दिवस पर सत्र के दौरान सहयोग के लिए प्रशिक्षक सहित समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।




## *वयस्क प्रशिक्षण विभाग के कार्यक्रम *

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ द्वारा माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार के निर्देशन में माह जुलाई एवं अगस्त 2021 के प्रशिक्षण विभाग निम्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया | जिसमे प्रमुख रूप से श्री लक्ष्मीकान्त शुक्ला लीडर ट्रेनर (स्काउट) जनपद रायबरेली, श्री सत्यपाल सिंह, लीडर ट्रेनर (स्काउट) जनपद बिजनौर, श्री हरीश चन्द्र श्रीवास्तव, लीडर ट्रेनर (स्काउट) महाराजगंज, श्री अश्वनी पाण्डेय लीडर ट्रेनर (स्काउट) जनपद कुशीनगर श्री नज़ीर मुकबिल लीडर ट्रेनर (स्काउट) जनपद सीतापुर, श्री सोमेन्द्र सिंह लीडर ट्रेनर (स्काउट) जनपद मेरठ, श्री अकबर अली लीडर ट्रेनर (स्काउट) जनपद हमीरपुर, श्रीमती निर्मला देवी लीडर ट्रेनर (गाइड) जनपद रायबरेली, श्रीमती वन्दना तिवारी, सहायक लीडर ट्रेनर (गाइड) श्रीमती रिंकू तोमर, सहायक लीडर ट्रेनर (गाइड) श्रीमती पूनम रानी, सहायक लीडर ट्रेनर (गाइड) जनपद मेरठ, डॉ० नीलिमा श्रीवास्तव सहायक लीडर ट्रेनर (गाइड) जनपद रायबरेली, श्री राजीव जैन सहायक लीडर ट्रेनर, सहारनपुर आदि ने सहयोग किया | समस्त कोर्सो का संचालन श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) एवं श्रीमती देवकी शोभित प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) द्वारा किया गया |

| क्रम० | कोर्स | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आर्गनाइज़र कार्यशाला | 01 से 03 जुलाई 2021 |
| 2. | ऑनलाइन एच०डब्लू०बी० री यूनियन बैच 01 | 13 से 15 जुलाई 2021 |
| 3. | ऑनलाइन एच०डब्लू०बी० री यूनियन बैच 02 | 20 से 22 जुलाई 2021 |
| 4. | ऑनलाइन एच०डब्लू०बी० री यूनियन बैच 03 | 27 से 29 जुलाई 2021 |
| 5. | ऑनलाइन एच०डब्लू०बी० री यूनियन बैच 04 | 03 से 05 जुलाई 2021 |
| 6. | ऑनलाइन सचिव कोर्स | 03 से 07 अगस्त 2021 |
| 7. | ऑनलाइन एच०डब्लू०बी० री यूनियन बैच 05 | 10 से 12 अगस्त 2021 |
| 8. | ऑनलाइन बेसिक कमिश्नर्स कोर्स | 10 से 14 अगस्त 2021 |
| 9. | ऑनलाइन ग्रुप लीडर कोर्स | 07 से 09 सितम्बर 2021 |
| 10. | ऑनलाइन जिला स्तरीय अधिकारी कोर्स | 07 से 09 सितम्बर 2021 |
| 11. | विज़न 2024 कार्यशाला | 25 से 28 अगस्त 2021 |



# जनपदीय कार्यक्रम

## जनपद बस्ती

जिला संस्था- बस्ती दौलतराम स्काउट भवन, गांधी नगर, बस्ती के सभागार में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया I इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त, कुलदीप सिंह द्वारा कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने और दूसरे लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। स्काउट गाइड द्वारा अन्य जागरूक करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर बस्ती मण्डल, सुरेश प्रसाद तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड एवं लीडर ट्रेनर सत्या पांडेय,जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट,जिला संगठन कमिश्नर अमित कुमार शुक्ला द्वारा अपने विचार रखे गए I श्रवण कुमार,राम कुमार निषाद, राज वर्मा, सचिन यादव श्रीवास्तव, आदर्श मिश्रा, प्रभात विक्रम सिंह, सौरभ दुबे, अबू अनस, अजीत अग्रहरी नेहा गुप्ता शिवा इदृशी शालिनी गुप्ता शालू गुप्ता सुम्बूल सायमा नूरीन, रत्नेश, हरिओम,रजनीश सिंह सुरजीत सिंह, सौरभ पाल, रोहित पाल, चंद्रेश चौधरी,मोनू गौतम आदि की सहभागिता रही।



## जनपद अमेठी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अमेठी में विद्यालय की प्रधानाचार्या / जिला आयुक्त (गाइड) डॉ0 फूलकली गुप्ता की अध्यक्षता में 75वाँ स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज के स्काउट और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज,अमेठी की गाइड के द्वारा प्रादेशिक मुख्यालय के दिशानिर्देशन पर जनपदीय सम्पूर्ण कार्यकारणी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा शोभा यात्रा निकाली गयी। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयकारों से सम्पूर्ण अमेठी गुंजायमान हो गया । तिरंगा शोभा यात्रा के पश्चात राष्ट्रीय गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां स्काउट और गाइड के द्वारा दी गयीं। कार्यक्रम का संचालन शशांक यादव, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गाइड कैप्टन रुचिका सिंह, स्काउट मास्टर बी0पी0 शुक्ला, शिव शंकर कश्यप, ट्रेनिंग काउंसलर मो० शकील, शुभम गुप्ता, अंकेश, फिरदौश खान, प्रज्ञा सिंह, उमा, देवेंद्र प्रताप, शिवम, अभिषेक, सचिन, ममता, सृष्टि, शालू आदि ने अपनी अहम भूमिका निभायी।



## जनपद जालौन

जनपद जालौन में रेंजर्स, रोवर, रेंजर लीडर एवं रोवर लीडर द्वारा कोरोना वैक्सीन सेंटरों में सहायता के लिए लाइन लगवाना, उनके परिचय पत्र बनाना एवं वैक्सीन लेने वाले सदस्यों को 10 मिनट तक निरीक्षण में रखते हुए सहायता प्रदान की जा रही है I प्रशासन के इस कार्य में जब से कोरोना वैक्सीन लगनी शुरू हुई है तब से रोवर्स रेंजर्स की पाली बनाकर उनको सहयोग हेतु और इस सेवा कार्य हेतु सम्मिलित किया जा रहा है। डीएम महोदया श्रीमती प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार एवं जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री भगवत पटेल जी के नेतृत्व में यह कार्य जिले में पूरी तन्मयता के साथ किया जा रहा है I इस पुनीत सेवा कार्य में जिला सचिव श्री राकेश निरंजन, जिला कमिश्नर स्काउट श्री प्रवीण पांडे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती ममता स्वर्णकार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री मुकेश बाबू सक्सेना, जिला संगठन कमिश्नर श्री व्यंजना सिंह, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री लोकेश पाल, संगीता सिंह,श्रीमती नौशाद परवीन,श्री शिव शरण भी सहयोग कर रहे हैं I



## जनपद : मऊ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मऊ द्वारा स्काउट अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपड़ कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री  हरि सिंह शाक्य, डायट प्राचार्य, मऊ श्री देव भाष्कर तिवारी, जिला आयुक्त स्काउट व प्रादेशिक उपाध्यक्ष उ० प्र० भारत स्काउट गाइड द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिलेश कुमार चौहान जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट  मऊ व राजेश कुमार यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट मऊ श्री ऋषिकेश पाण्डेय संयुक्त सचिव,  डॉ० सदीप राय, प्रवक्ता, डायट मऊ, रोवर सदानन्द,आनन्द, रूद्र, रेंजर. उर्वशी क्षेत्रिय,प्रतिमा, अन्तिमा आदि ने सहयोग प्रदान किया |



## जनपद : झाँसी

75 वे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर झांसी जनपद में शिक्षा भवन, संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय में उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक श्री मंशाराम एवं जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री कोमल यादव द्वारा ध्वजारोहण किया गया । जिसमें रोवर्स, रेंजर्स और यूनिट लीडर ने भी प्रतिभाग किया। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर पूनम संधू जिला कोषाध्यक्ष श्री सुनील द्विवेदी के निर्देशन में तिरंगा यात्रा निकालते हुए स्काउट,गाइड, रोवर, रेंजर एवं यूनिट लीडर, एनसीसी कैडेट्स महारानी लक्ष्मी बाई पार्क,झांसी किले के मैदान में उपस्थित हुए जहां पर जनपद झांसी के मेयर श्री रामतीर्थ सिंघल द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वीरांगना को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीदों को नमन किया गया।



## जनपद : ललितपुर



जनपद ललितपुर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा एक रैली निकाली गई। जिसमें सीनियर रोवर्स ने बाइक से रैली निकालते हुए खुद को समाज सेवा हेतु तत्पर एवं कोरोना वॉरियर्स के रूप में देश सेवा एवं जनमानस सेवा हेतु समर्पित करने का संकल्प लिया। घंटाघर से शुरू होकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में रैली समाप्त हुई। स्वतंत्र भारत को सुंदर और हरा भरा रखने का संकल्प लेते हुए इस रैली के रोवर्स ने जन जागरूकता हेतु प्रेरित किया कि वह देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान करें। रैली में इससे संबंधित नारे और स्लोगन लगाते हुए रोवर्स ने 75वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास से मनाया । जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री राम शंकर जी, जिला कमिश्नर स्काउट श्री ओम प्रकाश शास्त्री, जिला संगठन कमिश्नर श्री राजीव निरंजन,जिला कोषाध्यक्ष श्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, जिला संगठन कमिश्नर गाइड मीना चौहान,जिला सचिव श्री अजब सिंह,यूनिट लीडर ने रैली में प्रतिभाग कर नेतृत्व प्रदान किया।

## जनपद : महराजगंज



जिला संस्था, जनपद महराजगंज द्वारा नेपाल बॉडर पर अंतराष्ट्रीय मानव तस्करी दिवस 30 जुलाई 2021 को स्काउट एवम सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया।

## जनपद : सहारनपुर

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र०,जनपद सहारनपुर में विभिन्न गतिविधियां हुई सम्पन्न तिलक राम सैनी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, सरसावा में स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन विधिवत हुआ। शिविर में बी०एड और डी०एलएड के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समापन समारोह के अतिथि/मार्गदर्शक के रूप में श्री मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल ने स्काउटिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश सेवा हेतु स्काउट-गाइड के रूप में हमेशा तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में स्काउट-गाइड ने भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये।तम्बू निर्माण, पुल निर्माण, पायनियरिंग गैजेट्स, रंगोली आदि का सभी प्रतिभागियों ने बहुत बेहतर तरीके से प्रर्दशन किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के चैयरमेन श्री पंकज सिंह एडवोकेट एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। एच०ए०वी०इण्टर कॉलेज देवबंद में वृक्षारोपण कार्यक्रम,जिला कार्यालय पर कार्यकारणी बैठक आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इन कार्यक्रमों में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविदत्त, जिला मुख्यायुक्त श्री सतीश कौशिक, श्री कुलभूषण जैन, राजीव रंजन,अलका भारद्वाज,सत्यवीर आर्य, रामकुमार शर्मा, राजपाल पुंडीर (ए०एल०टी०) अनिल भारद्वाज, दीपमाला , उषा तोमर आदि उपस्थित रहे।





## जनपद : बदायूँ

17 अगस्त 2021 को बदायूँ में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश का 62वाँ स्थापना दिवस सर्वप्रथम ईशवंदना उपरांत ध्वज शिष्टाचार कर जिला मुख्यायुक्त डा० वीर पाल सिंह सोलंकी ने किया। तत्पश्चात संस्था के जिला अध्यक्ष महेशचंद्र सक्सेना, जिला आयुक्त (गा) अनीता जैन, जिला सचिव आलोक कुमार पाठक, जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सक्सेना, जिला संगठन आयुक्त (स्का०) मोहम्मद असरार, रोवर विकास कुमार, सदस्य राकेश सक्सेना आदि को मुख्यायुक्त ने स्थापना दिवस का स्टीकर लगाकर स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से





बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत में स्काउट और गाइड आंदोलन एक शैक्षिक आंदोलन है, जो सभी वर्ग के लिये है। यह विश्व का सबसे बडा वर्दीधारी समाजसेवी संगठन है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डा० प्रवेश कुमार जी एंव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा० महेंद्र प्रताप सिंह जी को एवं दोनो कार्यालय के कर्मचारियों को भी स्थापना दिवस के स्टीकर लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहम्मद असरार ने किया।

## जनपद हाथरस

जनपद हाथरस के पदाधिकारियों के निर्देशन में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड का 62वाँ स्थापना दिवस खेड़ा फिरोजपुर, सासनी मे धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री राजेश कुमार प्रजापति, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर, अलीगढ़ मंडल ने सर्वप्रथम भारत में स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई, लार्ड बेडेन पावेल, हृदयनाथ कुंजरू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें इन महानुभावों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की स्थापना,उद्देश,नियम और सेवा कार्य की महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए स्काउट एवं गाइड की बारीकियों के बारे में अवगत कराया। तत्पश्चात वहां उपस्थित लोगों को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के द्वारा जारी किया गया झंडा स्टीकर लगाकर लोगों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र प्रताप सिंह जिला संगठन आयुक्त द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन श्री प्रेमपाल सिंह पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त द्वारा किया गया।



## जनपद पीलीभीत

दिनांक 15 अगस्त 2021 को 75वाँ स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया । सर्वप्रथम प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रमों में विभिन्न धर्मों के उपयोगी संदेश समारोह में आए विभिन्न धर्मों के मानने वालों ने दिए। तत्पश्चात प्रातः 9:00 बजे श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन स्काउट भवन परिसर में ही किया गया उसका नेतृत्व योगेश मौर्य ने किया। तत्पश्चात झंडारोहण कार्यक्रम किया गया जिसका नेतृत्व जिला संगठन कमिश्नर अभिषेक पांडे के द्वारा किया गया। झंडारोहण सहायक लीडर ट्रेनर श्री सत्येंद्र मोहन शर्मा के द्वारा किया गया जिसमें स्काउट भवन पर आए हुए सभी प्रतिभागियों ने ध्वजारोहण में भाग लिया | स्काउट परिसर में 05 फलदार पेड़ लगाएं। वृक्षारोपण जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती शालिनी पांडे के नेतृत्व में किया गया और संकल्प लिया कि **"वृक्ष धरा के भूषण हैं, करते दूर प्रदूषण हैं"** और इसके अलावा 29 अगस्त 2021 को स्काउट गाइड की एक हाइक कोविड 19 जागरूकता को लेकर पीलीभीत से गोमती उद्गम तक साइकिल द्वारा प्रस्थान करने का निर्णय लिया गया । जिला प्रशिक्षण आयुक्त सचिन सक्सेना ने 15 अगस्त के बारे में स्काउट गाइड को महत्वपूर्ण जानकारी दी । अंत में मिठाई वितरित करके स्काउट गाइड को विसर्जित किया गया शिखा राजपूत ,गार्गी गंगवार ,निशा मौर्य , अभिजीत कुशवाहा, सौरभ कश्यप ,प्रशांत मौर्य,आलोक , रामसागर,उज्जवल, सृष्टि पाठक ,श्री गोपाल , राजेश आदि लोग उपस्थित रहे।



## जनपद : सीतापुर

आजादी का अमृत महोत्सव (09अगस्त 2021)के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर से,शहीद पार्क लालबाग सीतापुर तक स्काउट /गाइड के द्वारा रैली निकल कर मनाया गया,इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि,सीतापुर के जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज रहे | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजीत कुमार सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के प्रधानाचार्य डॉ



नरेन्द्र सिंह, जिला कमिश्नर स्काउट श्री कमलेश वर्मा, जिला सचिव श्री ऋषि कुमार मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अवनीश कुमार, स्काउट मास्टर श्री सुशील कुमार,मो.इमरान,गाइड कैप्टन श्रीमती ऊषा अवस्थी, आशुतोष सिंह आदि ने रैली को सफल बनाने मे अहम भूमिका निभाई

## जनपद मैनपुरी

75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मनाये जाने वाले अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी श्री महेंद्र बहादुर सिंह के आह्वान पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन ईशन नदी मैनपुरी के विभिन्न घाटों पर हुआ। इस कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमल सिंह के निर्देशन में सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया । इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला स्काउट मास्टर एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट कृष्ण कुमार , जिला गाइड कैप्टन पूनम गुप्ता एवं स्काउट मास्टर राकेश कुमार जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिभाग कर स्काउट गाइड के लोगों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त सुनील कुमार सिंह , महेश चंद्र मिश्रा, राजेश सिंह ,अनिल कुमार, उमेश चंद्र, अखिलेश शुक्ला ,प्रवीण दुबे, सुनील कुमार द्विवेदी, रीता राठौर, स्तुति यादव, निशंका जैन, रुपाली राजपूत एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय, चौथीआना के स्काउट भी मौजूद रहे।





## जनपद संत कबीरनगर

संत कबीर नगर में कोरोना महामारी के प्रति बचाव के लिए लोगों में जागरूकता का भाव पैदा करने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाया गया । जागरूकता अभियान में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गिरीश कुमार सिंह, गायत्री मिश्रा, श्रीमती निशा यादव, जिला सचिव रवि प्रकाश श्रीवास्तव सहायक आयुक्त स्काउट श्री अभिषेक कुमार सिंह ,श्री योगेंद्र सिंह देव जी संत कबीर नगर हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के स्काउट ने रैली के माध्यम से जनपद में लोगों को जागरूक किया।


टीकाकरण के लिए किया जागरूक

एचआर इंटर कॉलेज से स्काउट गाइड ने निकाली रैली, मास्क भी बांटा

एचआर इंटर कॉलेज के पास लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया गया। संवाद न्यूज एजेंसी

## जनपद बाँदा

11.08.2021 को भारतीय स्काउंटिग के जनक पंडित श्री राम बाजपेई जी का जन्मदिवस बांदा में मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मेजर मिथेलश कुमार पाण्डेय, जिला आयुक्त स्काउट/प्रधानाचार्य, आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज, बांदा के द्वारा माल्यार्पण किया गया व श्री शिव प्रताप सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मंडल चित्रकूट धाम द्वारा पुष्प अर्पित किये। जन्म दिवस के कार्यक्रम मे श्रीमती लक्ष्णा पाण्डेय, जिला आयुक्त गाइड, श्री वाणीभूषण द्विवेदी जिला सचिव, श्री सुघर सिंह, जिला स्काउट मास्टर, श्रीमती स्मिता द्विवेदी जिला संगठन आयुक्त गाइड, श्री मंगल प्रसाद आजीवन सदस्य, श्री सरोज कुमार मिश्रा, श्रीमती सुधा सिंह राजपूत श्री दुर्गेश तिवारी, जिला मुख्यालय आयुक्त बाँदा श्री कुलदीप व बृजेश कुमार सहायक जिला सचिव/आई0टी0 समन्वयक द्वारा पंडित श्रीराम बाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला गया और स्काउंटिग गाइंडिग को गति देने पर चर्चा हुयी।




## जनपद गोरखपुर

अयोध्या दास स्काउट कुटीर, सिविल लाइन, गोरखपुर में शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव सम्मान समारोह के समापन के दिन सभी पदाधिकारी स्काउट/गाइड, स्काउटर और गाइडर तथा रोवर/रेंजर द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। तत्पश्चात जिला मुख्यायुक्त डॉ अरुण कुमार सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त नौशाद अली सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली शुभारंभ किया गया। रैली में स्काउट और गाइड आजादी से संबंधित नारे लिखा हुए हाथों में तख्तियां लेकर तथा आजादी के नारे जैसे **"कश्मीर से कन्याकुमारी, भारत माता एक हमारी", "अमर शहीदों का बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान"** आदि नारा लगाते हुए चल रहे थे। रैली अयोध्या दास स्काउट कुटीर से चलकर अंबेडकर चौक, शास्त्री चौक, जिलाधिकारी कार्यालय कचहरी चौराहा टाउन हाल गणेश चौराहा, इंदिरा बल विहार हरिओम नगर होते हुए स्काउट कुटीर पर समाप्त किया गया।



## जनपद कासगंज

दिनांक 12 अगस्त 2021 को दोपहर 2:00 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जिला कार्यसमिति समिति की बैठक जिला विद्यालय निरीक्षक कासगंज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में चर्चा करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक कासगंज ने कहा कि वर्ष 2020-21 की बकाया धनराशि विद्यालयों से जमा करा कर अविलंब प्रादेशिक मुख्यालय को भेजा जाए। साथ ही जिला कार्यालय और जनपद में स्काउट भवन बनाने के लिए उच्चाधिकारियों से संपर्क कर उपयुक्त स्थान आवंटित करा लिया जाए एवं जनपद की दलगणना पूरी कर ली जाए। तत्पश्चात श्री राजेश कुमार प्रजापति, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर, अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ ने कहा कि जनपद कासगंज में आजीवन सदस्यता की बढ़ोत्तरी के लिए एक अभियान संचालित किया जाए जिसमें सर्वप्रथम

सभी सम्मानित पदाधिकारी गण के साथ अन्य विभाग के पदाधिकारीगण सम्मानित व्यक्तियों को भी आजीवन सदस्य बनाया जाए। इसके साथ ही प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, शीतलाखेत हेतु जनपद से ₹1,00,000 प्रादेशिक मुख्यालय को भेजना है। इस हेतु प्रयास किया जाए। साथ ही जिला सचिव एवं कोषाध्यक्ष जी को जिम्मेदारी दी गई कि जिला कार्यकारिणी के खाली पदों हेतु सम्मानित सदस्यगण का चयन कर लिया जाए। इसके पश्चात जिला मुख्यायुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट अलीगढ़ मंडल ने वृक्षारोपण किया।बैठक में श्री एच पी एन दुबे, जिला कोषाध्यक्ष, श्री श्रीपाल सिंह शाक्य जिला सचिव ,श्री अभिषेक कुमार पांडे जिला प्रशिक्षण आयुक्त,श्री आलोक दुवे प्रधानाचार्य बी ए वी इ0का0 कासगंज एवं श्री जय प्रकाश जिला स्काउट मास्टर एवं जिला कोऑर्डिनेटर आदि लोग उपस्थित रहे।



## जनपद हरदोई

जिला संस्था हरदोई के जिला मुख्यायुक्त श्री वी.के. दुबे (जिला विद्यालय निरीक्षक)के दिशा निर्देशन में स्काउट और गाइड ने पुलिस लाइन से प्रारंभ कर शहर के विभिन्न मार्गो एवं चौराहों से होते हुए शहीद उद्यान तक रैली निकाल कर काकोरी कांड और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों को याद किया। शहीद उद्यान में शहीद स्मारक पर जिलाधिकारी महोदय श्री अविनाश कुमार के साथ आजादी के दीवाने रणबांकुरों शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज, गंगा देवी इंटर कॉलेज, वैदिक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, वेणी माधव कन्या इंटर कॉलेज, एस.डी. इंटर कॉलेज और ओपन ग्रुप के स्काउट और गाइड ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला सचिव डॉ राजेश तिवारी, जिला संगठन कमिश्नर रमेश वर्मा, जिला स्काउट मास्टर पंकज वर्मा, स्काउट मास्टर- मुकीत बेग राजमंगल ,अजय वर्मा, रामचंद्र और गाइड कैप्टन में अल्का गुप्ता और साधना वर्मा और शशिप्रभा ने प्रतिभाग किया।





## जनपद मुरादाबाद

दिनांक 01 अगस्त 2021 को जिला संस्था मुरादाबाद की ओर से वर्ल्ड स्कार्फ डे मनाया गया ।इसमें एक वेबीनार का आयोजन किया गया । जिसमें सभी स्काउट गाइड ने हिस्सा लिया। मुख्य आयुक्त डॉ मधुबाला त्यागी ने सभी से स्काउट भावना अपने अंदर जागृत करने का आवाहन किया जिससे समाज को सही नागरिक स्काउट के द्वारा मिल सकें। मैडम अंजलिका ने कहा कि स्काउट/गाइड बहुत ही पवित्र संस्था है। इसमें सभी को भाग लेना चाहिए। बबीता मल्होत्रा ने बताया आज का दिन स्काउट गाइड भावना को प्रदर्शित करने का दिन हे। स्काउट मास्टर अंकुर जी ने कहा कि स्काउट गाइड संस्था से जोड़कर हम सभी अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं ।कोषाध्यक्ष शिवकुमार जी ने स्काउट गाइड सभी से आग्रह किया कि वे सेवा भावना से इस संस्था से जुड़े रहे ।गाइड कमिश्नर वंदना सक्सेना ने सभी को आज के दिन की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी स्काउट गाइड देश को समर्पित है। स्काउट कमिश्नर डॉटर मनोज ने कहा कि स्काउट गाइड ही देश के सच्चे सिपाही हैं। आज की इस इलेक्ट्रॉनिक बैठक में डी ओ सी गौरव सक्सेना विजय मल्होत्रा, अनीता चतुर्वेदी, अक्षत शर्मा, कुसुम, तानिया गुप्ता ने प्रतिभा किया। बैठक का संचालन जिला सचिव डॉ सुरेंद्र वर्मा ने किया।



## जनपद देवरिया

दिनांक 29/08/2021 को जनपद देवरिया के जिला मुख्यायुक्त डॉ0मिथलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमे मण्डल गोरखपुर के सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट नौशाद अली सिद्दीकी जी ने स्थापना दिवस के अवसर पर यह अपील किया कि इस वर्ष जनपद के प्रत्येक विद्यालयों में स्काउट गाइड दलों का गठन अभियान चलाकर किया जाये। तथा प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा दिए गए कार्यो से अवगत कराते हुए मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त महोदय ने कहा कि प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार के सपनो को हम सब मिलकर साकार करेंगे। जिला सचिव श्री रमेश सिंह द्वारा दलों के नवीनीकरण /पंजीकरण, प्रदेश को भेजे जाने वाले अवशेष नवीनीकरण (वर्ष 2019-20) को भेजे जाने ,नवीन आजीवन सदस्य बनाने, वर्ष 2021-22 के वार्षिक कार्यक्रम,बालक-बालिका एवं व्यस्क प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उनका कियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई । इस दिवस पर जिला कमिश्नर स्काउट श्री माधव सिंह और जिला कमिश्नर गाइड डॉ॰ भावना सिन्हा द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री जयप्रकाश सैनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद के कोषाध्यक्ष श्री वकील सिंह, आई॰टी॰समन्वयक डॉ॰ अभिनव सिंह,सुनील कुमार सिंह, लालबहादुर यादव, हेमंत सिंह, अभिषेक उपाध्याय, धनञ्जय सिंह, सतेंद्र यादव, अरुण कुमार, दिनेश यादव, संजय यादव, प्रमोद मल आदि पदाधिकारी गण मौजूद रहे ।



## जनपद अमरोहा

दिनांक 05 जून 2021 को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद संस्था अमरोहा के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यालय में बृहद वृक्षारोपण कराया गया जिसमे जनपद अमरोहा संस्था के समस्त पदाधिकारियों उपस्थित रहें |

और कोविड 19 की गाइड लाइन्स के प्रचार प्रसार हेतु विशेष जागरूकता अभियान स्काउट संस्था के अध्यक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रामाज्ञा कुमार व सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सुश्री सितारा त्यागी के निर्देशन में चलाया गया । यह अभियान अमरोहा नगर कोतवाली से होते हुए बाज़ार गुज़री, बाज़ार सर्राफा, मौहल्ला कटरा, मौहल्ला बसावनगंज, मौहल्ला चकली, मौहल्ला घेर मुनाफ, मौहल्ला शफात पोता, बाज़ार अनारवाली ज्यारत आदि मुख्य बाज़ारों से होते हुए नगर पालिका परिषद अमरोहा नगर, प्रधान डाकघर अमरोहा, और ज़िला अमरोहा की पुरानी कचहरी तक चलाया ।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्री आर॰ पी॰ शर्मा ने स्काउट टीम को हरी झंडी दिखा कर अभियान की शुरुआत की तथा माइक हाथ मे लेकर सभी आगंतुकों, राहगीरों तथा व्यापारी भाइयों को कोरोना से सुरक्षित रहने, मास्क का सही उपयोग करने तथा कोविड – 19 की गाइड लाइन्स का पालन करने की अपील की। स्काउट वॉलिंटियर्स राहगीरों को जागरूक करते हुए चल रहे, मास्क वितरण तथा मास्क की उपयोगिता समझा रहे थे ।

ज़िला मुख्यायुक्त तथा जे0 एस0 हिन्दू इण्टर कॉलेज अमरोहा के प्रधानाचार्य डॉ0 जी0 पी0 सिंह ने कहा कि सरकार ने लॉकडाउन में ढील दी है लेकिन कोरोना ने हमें कोई ढील नहीं दी है। उससे अपने आप को बचाना है। घरों से अनावश्यक न निकलें, 2 ग़ज़ की दूरी बनाए रखें। सरकार के इस अभियान में सहयोग करें ।

जिला आयुक्त स्काउट तथा ए0 के0 के0 इण्टर कॉलेज अमरोहा के प्रधानाचार्य श्री आदिल अब्बासी ने कहा कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में बहुत जनहानि हुई है, अनेक परिवार तबाह हुए हैं । अतः कोरोना को लेकर बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है ।

ज़िला सचिव, श्री ज़ैद बिन अली ने कहा कि हम सभी को कोरोना गाइड का पालन प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए । मास्क किसी को दिखाने के लिए नही बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए है ।

ज़िला संगठन आयुक्त स्काउट श्री अजय कुमार और ज़िला संगठन आयुक्त गाइड सुश्री मंजूश्री अपनी स्काउटस व गाइडस की टीम को लेकर कोतवाली पहुंचे तथा आम नागरिकों से अपील की कि वह मास्क का सही से प्रयोग करें तथा सोशल डिस्टेंसिंग का सही से पालन करें।

## जनपद मेरठ

जिला संस्था मेरठ की मुख्यायुक्त श्रीमती रेखा शर्मा, स्काउट कमिश्नर श्री सुशील कुमार शर्मा, गाइड कमिश्नर डा०मंजू सिंह, जिला सचिव डा० गौरव पाठक के संरक्षण में आजादी की 75 वीं वर्ष गांठ पर मनाये जाने वाले अमृत महोत्सव के अर्न्तगत दिनांक 09.08.2021 को शहीदो को नमन करते हुए प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा शहीदो के परिजनों को भारतीय सेना में उनकी संन्तान द्वारा अदम्य साहस और पराक्रम दिखाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर (जिला विद्यालय निरीक्षक मेरठ) श्री गिरजेश कुमार चौधरी ने स्काउट / गाइड /रोवर /रेंजर स्काउटर/गाइडर के उत्कृष्ट कार्य की भूरी-भूरी प्रशंन्सा की । डी०ओ०सी० स्काउट/गाइड श्रीमती पूनम रानी, श्री सोमेन्द्र सिंह के नेतृत्व में स्काउट/गाइड द्वारा जनजागृति रैली स्थल आई०टी०आई० साकेत मेरठ से पैदल चलते हुए विश्व विद्यालय मेरठ तक पहुँची। उपरोक्त कार्यक्रम में श्रीमती शशी सागर, श्री राहुल त्यागी, श्रीमती किरन शर्मा, श्री कवॅर जीत, श्रीमती नम्रता शर्मा, श्री सुबोध कुमार, आदि ने सहयोग प्रदान किया साथ ही 15 अगस्त 2021 स्वतन्त्रा दिवस के अवसर पर श्रीमती रेखा शर्मा, जिला मुख्यायुक्त और कार्यालय स्टॉफ व स्काउट ने मिलकर स्काउट भवन के प्रांगण में औषधीय पौधे ऐलोवीरा, लेमन ग्रास, कालाबासा, अजवाईन, पौदीना आदि को रोपित किया |



## जनपद मथुरा

दिनांक 07 सितंबर 2021 को श्री राकेश कुमार सैनी, सहा०प्रादेशिक संगठन आयुक्त आगरा मंडल की उपस्थिति में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश , जनपद मथुरा की जिला युवा समिति की बैठक श्री किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें स्काउट गाइड संगठन में युवाओं की प्रतिभागिता तथा स्काउट गाइड के कार्यक्रमों के विषय पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश संगठन में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना तथा स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों के माध्यम से प्रगति पथ पर आगे बढ़ने की योजनाओं पर विचार किया गया और अधिक से अधिक संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोवर रेंजर गतिविधियों में जोड़ा जाए इस पर चर्चा की गई। इस अवसर पर किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रागिनी अग्रवाल , जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनोज कुमार शर्मा, रेंजर लीडर डॉ निधि शर्मा ,कन्हैया शर्मा अध्यक्ष जिला युवा समिति , राजीव सोनी ,अजय, प्रदीप कुमार ,कृष्ण कांत ,हिमांशु, नंदनी वर्मा ,सोना, प्रिया ,वंदना सिंह, प्राची वासने ,दीपमाला आदि जिला युवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

जनपद मथुरा की जिला परिषद की बैठक में मैसेंजर ऑफ पीस डे के अवसर पर जनपद के समस्त पदाधिकारियों को शांति का संदेश दिया कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अशोक जी एएसओसी राकेश सैनी जिला मुख्य आयुक्त डॉ कमल कौशिक जिला स्काउट कमिश्नर डॉ निखिल अग्रवाल जिला गाइड कमिश्नर डॉ शालिनी अग्रवाल जिला सचिव योगेंद्र सिंह एवं संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## जनपद बुलंदशहर

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० बुलंदशहर द्वारा 9 अगस्त आजादी का अमृत महोत्सव,स्वतंत्रता दिवस एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम, 12 से 16 अगस्त रोवर/रेंजर का प्रवेश/निपुण जांच शिविर का सफल आयोजन,17 अगस्त उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड स्थापना दिवस,5 सितंबर शिक्षक दिवस कार्यक्रम जिसमें मेरठ मंडल से शिक्षक एमएलसी श्री श्रीचंद शर्मा जी द्वारा स्काउट भवन बुलंदशहर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया।8 सितंबर 2021 को बुलंदशहर के जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अध्यक्ष श्री शिव कुमार ओझा जी की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक संपन्न हुई।उपरोक्त कार्यक्रमों में जिला संस्था के समस्त पदाधिकारी जिनमें जिला मुख्यायुक्त कैप्टन पी के शर्मा,

जिला कमिश्नर स्काउट श्री मनोज कुमार,जिला कमिश्नर गाइड डा. अनीता भारद्वाज,जिला सचिव डॉ नरेश कुमार शर्मा,सह सचिव श्री रमेश चंद्र पांडे,जिला संगठन आयुक्त श्री पवन कुमार राठी,जिला कोषाध्यक्ष श्री मलूक चंद, श्री ओपी हंस ए एल टी स्काउट ,श्रीमती राजबाला शर्मा ए एल टी गाइड,जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्री अनिल कुमार, श्रीमती दीपमाला शर्मा आदि का सहयोग रहा।




## जनपद गौतमबुद्धनगर



जनपद गौतमबुद्धनगर मे भारत स्काउट गाइड उ० प्र० द्वारा कोरोना महामारी के दौरान प्रादेशिक मुख्यालय से प्राप्त आदेश अनुसार  विभिन्न बैको की स्थापना कर मास्क,साबुन, सेनिटाइजर, अनाज आदि का वितरण जिला संस्था के अध्यक्ष डॉ धर्मवीर सिह,जिला मुख्यायुक्त डॉ राकेश कुमार राठी, जिला आयुक्त स्काउट श्री बिजेन्द्र कुमार, जिला आयुक्त गाइड डॉ मिथलेश गौतम, जिला सचिव डॉ शिव कुमार शर्मा, जिला सगंठन आयुक्त स्काउट श्री शिवकुमार, जिला सगंठन आयुक्त गाइड कु0 शैफाली गौतम, जिला बेसिक गाइड कैप्टन श्रीमति भारती श्रीवास्तव सहित समस्त पदाधिकारियो के सहयोग से किया गया! चौ0 चरण सिंह विश्वविधालय समागम का आयोजन जनपद गौतमबुद्धनगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविघालय नोएडा मे हुआ! जिसमे रोवर-रेंजर की 06 टीमो ने प्रतिभाग किया | कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहायक प्रादेशिक सगंठन आयुक्त श्री मयंक शर्मा का पूरा सहयोग रहा |



## जनपद चन्दौली



भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वाधान में जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा आगामी सत्र हेतु नवीनीकरण, पंजीकरण, प्रवेश, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, राज्य पुरस्कार एवं रोवर रेंजर तथा बी०एड०, बीटीसी के कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज सेवा एवं तमाम प्रकार के कार्यों को संपादित करने के लिए चर्चा की गई।

## जनपद सोनभद्र



उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद सोनभद्र विश्व शांति दिवस 21 सितंबर 2021 पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद सोनभद्र में विश्व शांति दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्रभात फेरी, पोस्टर प्रतियोगिता, पौधरोपण , सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चोपन ब्लाक के खैरटिया में ब्लॉक गाइड कैप्टन रजनी प्रजापति के निर्देशन में प्रभात फेरी व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा व पौधरोपण का आयोजन किया गया जिसमें सैयद अनवर हुसैन, जिला स्काउट शिक्षक जनपद सोनभद्र, श्रीमती नीरा सिंह जिला गाइड कैप्टन सोनभद्र, श्री रमाकांत कुशवाहा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व नंदकिशोर ब्लॉक स्काउट शिक्षक रॉबर्ट्सगंज, ज्योति सिंह स्वतंत्र गाइड कैप्टन रेणुकूट राधेश्याम कुशवाहा स्काउट मास्टर , शिवानी दुबे रेंजर ओबरा, शिप्रा सिंह रेंजर ओबरा ,अफसाना बानो रेंजर ओबरा ,निकिता पनिका रेंजर ओबरा ,काजल रेंजर ओबरा , सुनील कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त समेत अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## जनपद आगरा

इंटरनेशनल डे ऑफ पीस 21 सितंबर 2021 को राजा बलवंत सिंह डिग्री कॉलेज में जिला संस्था आगरा के रोवर्स रेंजर्स द्वारा मैसेंजर ऑफ पीस का साइन बना कर इंटरनेशनल डे ऑफ पीस मनाया गया।

प्रादेशिक आयुक्त स्काउट डॉ राजेश मिश्रा ने विश्व शांति दिवस पर मानवता का संदेश देते हुए कहा हम सबको शांति और विश्व बंधुत्व की भावना से रह कर विश्व को प्रगति की तरफ ले चलना है।





जनपद आगरा के सेंट जॉन्स कॉलेज के रोवर रेंजर द्वारा जल संरक्षण एवं पर्यावरण प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया इस कार्यक्रम में ए० एस० ओ० सी० आगरा मण्डल आगरा राकेश सैनी, श्री लाखन सिंह जनपद के पदाधिकारी डॉ अनिल वशिष्ठ, डॉ ममता शर्मा, डॉ एस० डी० पाण्डे, रेनू भारद्धाज, भावना, महेश कुमार सैनी, विशाल कुमार, कमल सिंह आदि उपस्थित रहे।



यूथ कमेटी की बैठक श्री रत्न मुनि जैन इंटर कॉलेज में हुई जिसमें प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री हंसपाल जी, ए० एस० ओ० सी० आगरा मण्डल आगरा राकेश सैनी, श्री लाखन सिंह जनपद के पदाधिकारी डॉ अनिल वशिष्ठ, डॉ ममता शर्मा, डॉ एस० डी० पाण्डे, रेनू भारद्धाज, भावना, महेश कुमार सैनी, विशाल कुमार, कमल सिंह. रोवर / रेंजर आदि उपस्थित रहे।



## जनपद महोबा



27 अगस्त 2021 को प्रादेशिक कार्यालय, भारत स्काउट/गाइड, उत्तर प्रदेश एवं जिला मुख्यायुक्त / जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा के आदेशानुसार जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन की बैठक का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला मुख्यायुक्त /जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सुरेश प्रताप सिंह एवं संस्था के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।बैठक की शुरुआत स्काउट/ गाइड प्रार्थना के साथ शुरू की गई । बैठक में जिला सचिव श्री मूलचंद निगम जी द्वारा गत वर्ष के आय-व्यय एवं कार्यक्रमों की आख्या प्रस्तुत की गई। साथ ही प्रदेश कार्यालय द्वारा निर्गत पत्रों का अनुपालन करते हुए सभी प्रधानाचार्यों से स्काउट मद की समस्त शुल्क नवीनीकरण पंजीकरण अंशदान आदि | शत प्रतिशत जमा करने का आह्वान किया ! डी.ओ.सी. स्काउट जयप्रकाश दक्ष द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। प्रदेश द्वारा आयोजित योगा प्रशिक्षक कोर्स में ऑल ओवर क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त श्रीमती अनु देशवाल जी को मुख्यायुक्त एवं संस्था अध्यक्ष जी द्वारा प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया गया ।जिला गाइड कमिश्नर श्रीमती सरगम खरे, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा द्वारा जनपद एवं प्रदेश स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में विद्यालयों को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने का आह्वान किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा ने जनपद द्वारा निर्गत सभी पत्रों का अनुपालन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया ।बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र महोबा आभा सिंह, जिला आयुक्त स्काउट श्री राम कृपाल यादव ,श्री प्रेमचंद अनुरागी , प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, डी.ओ.सी.(गाइड) अंजू प्रजापति, डी.टी.सी.(गाइड) संगीत मिश्रा, डी.टी.सी.(स्काउट) बाबूलाल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, जिला स्काउट मास्टर (बेसिक) शिवपाल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनपद बलिया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बलिया द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव एवम चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन की श्रृंखला में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर दिनांक 09 अगस्त 2021 को जिलाधिकारी महोदय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय के निर्देशन में साइकिल यात्रा निकालकर जश्न-ए-आजादी से बलिया के लोगों को रूबरू कराया गया। बाढ़ विभीषिका में भी जिला संस्था बलिया अपने समस्त पदाधिकारियों एवं स्काउट /गाइड तथा रोवर्स /रेंजर्स के साथ असहाय शरणार्थियों को खाद्य - पेय सामग्री एवं जीवन निर्वाह सामग्रियों को वितरित किया। शिक्षक दिवस के पावन पर्व पर संयुक्त शिक्षा निदेशक तथा सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त मंडल आजमगढ़ के निर्देशन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में वटवृक्ष भी लगाया गया।



## जनपद गाज़ियाबाद

आजादी की 75वी वर्षगांठ के तैयारी को ले कर जनपद गाजियाबाद में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में एक भव्य आयोजन किया गया जिसमे जिला अधिकारी गाजियाबाद , जिला विद्यालय निरीक्षक , जिला मुख्यायूक्त , जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवम गाइड, अपने स्काउट एवम गाइड टीम के साथ कार्य क्रम में प्रतिभाग किया कार्यकर्म का आगाज रंगाराग कार्यक्रम के साथ हुआ सभी ने आजादी का का पर्व बहुत धूम धाम से मनाया एवम कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ,



## जनपद इटावा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था इटावा के तत्वाधान में दिनांक 17 अगस्त 2021 को स्काउट भवन इटावा मे भारत स्का.गा.उ.प्र. के स्थापना दिवस का आयोजन करते हुऐ जिला संस्था इटावा के स्थापना दिवस मनाने हेतु संकल्प लिया गया।




## जनपद अलीगढ़



दिनांक 21 सितंबर 2021 को विश्व शांति दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० जिला संस्था, अलीगढ़ के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रवक्ता श्री अशोक पालीवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की I इस दौरान श्री जफरुद्दीन अहमद, जिला संगठन आयुक्त, श्री कुलदीप सक्सेना जिला प्रशिक्षण आयुक्त(स्काउट) एवं डॉक्टर राम जियावन वर्मा, स्काउट मास्टर, गोपीराम पालीवाल इंटर कॉलेज ने स्काउट छात्रों को विश्व शांति दिवस पर संबोधित करते हुए महात्मा गांधी जी के अहिंसा पर योगदान के विषय में बताया एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता के प्रति उनके योगदान के बारे में स्काउट छात्रों के बीच चर्चा की व उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

## जनपद अयोध्या

जिला संस्था अयोध्या स्काउट गाइड की ओर से स्काउट भवन एवम प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस को बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक, नगर संबोधित कर रहे थे। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्काउट व एनसीसी जैसी संस्थाएं अनुशासन सिखाती हैं। अनुशासन से ही जीवन जीने की कला आती है। उन्होंने कहा कि अनुशासित व्यक्ति अच्छे कार्य करते हैं और अच्छी जगह संलग्न रहते हैं। पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि जो व्यक्ति अच्छी जगह संलग्न रहते हैं, उनके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वह नकारात्मकता से दूर रहते हैं। ऐसे में अच्छी बातों को सीखने, पढ़ने का अवसर मिलता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उत्तम बंसल ने कहा कि स्काउटिंग में आकर उन्हें अपना बचपन याद आ जाता है। बचपन की हंसी ठिठोली जिसके जीवन में रहती है वह कभी बूढ़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि संस्कार सीखने के लिए संस्कारवान व्यक्तियों के पास ही बैठना चाहिए। इसके पूर्व आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बापू बालिका इंटर कॉलेज, साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झुनझुनवाला पीजी कॉलेज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरा के स्काउट गाइड व रोवर्स रेंजर ने अपने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया।

जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड वंदना पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया तो जिला संगठन आयुक्त विवेकानंद पांडेय ने धन्यवाद व्यक्त किया। समारोह का संचालन ट्रेनिग काउंसलर शिवम मिश्र ने किया। समारोह के आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अनूप मल्होत्रा ने अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। अतिथि ने बेसिक विद्यालयों की गाइड कैप्टन सहित प्रशिक्षकों को उनके स्टडी एसाइनमेंट और ट्रेनिंग काउंसलर नगर मुकेश साहू,राजेंद्र वर्मा, जितेंद्र कुमार यादव व सौम्या मिश्रा को उनके तहसीलों के तृतीय सोपान का प्रमाण पत्र वितरित किया। इस लदौरान प्रमुख रुप से संयुक्त सचिव निधि महेन्द्रा, सह सचिव ललित रंजन भटनागर जिला मुख्यालय आयुक्त आरती जैन,गीता राना, वंदना यादव,गीता गुप्ता, अंजली गुप्ता,सुनैना सोनी,सिद्धि मौर्या, सौम्या आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने समारोह के समापन अवसर पर पौधरोपण भी किया।



## जनपद लखनऊ

दिनांक 21 सितम्बर, 2021 को विश्व शन्ति दिवस के अवसर पर जिला सस्था लखनऊ द्वारा क्वींस इण्टर कालेज, लालबाग, लखनऊ में संस्था के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा० आर०पी०मिश्र की अध्यक्षता मे सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रादेशिक सगठन आयुक्त स्काउट राजेन्द्र सिंह हसंपाल, सयुक्त सचिव कुसुम मनराल, जिला मुख्यायुक्त डा० जे०पी०मिश्र, पूर्व सचिव इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, शशि भूषण गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या एवं पूर्व जिला कमिश्नर (गाइड) संगीता अग्रवाल, पूर्व डी०ओ०सी०(गाइड) मधु पाण्डेय, पूर्व हैडक्वाटर कमिश्नर अनुराग मिश्र, क्वींस कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार, हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रबन्धका लक्ष्मी रस्तोगी, दयानन्द गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या डा० दिव्या श्रीवास्तव, क्वीस कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र शर्मा एवं पूर्व जिला सचिव इनायत उल्ला खां सहित समस्त विद्यालयो के स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन उपस्थित रहें कार्यक्रम में बाल विद्या मन्दिर, लामाटीनियर, शशि भषूण इण्टर कालेज, दयानन्द कन्या, महिला विद्यालय, यूनिटी डिग्री कालेज, हनुमान प्रसाद रस्तोगी, लखनऊ इण्टर कालेज, राजकीय जुबली कालेज, लखनऊ पब्लिक आनन्द नगर, गोपी नाथ रस्तोगी इण्टर कालेज, सुन्नी इण्टर कालेज, आदि विद्यालयों के लगभग 156 कब/बुल-बुल, स्काउट/गाइड/रोवर/रोजर तथा 50 स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन ने प्रतिभाग किया।



## जनपद मुज़फ्फरनगर

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र०,जनपद मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में मिशनशक्ति, भोजन वितरण, स्वतंत्रता दिवस, स्थापना दिवस, जिला कार्यकारिणी/परिषद बैठक,वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम भव्यता से सम्पन्न हुए एवं प्रादेशिक आजीवन सदस्य बनाने हेतु राज्यमंत्री श्री कपिलदेव अग्रवाल एवं प्रशासनिक अधिकारियों से सम्पर्क किया। जिला निर्वाचन आयोग मुजफ्फरनगर के निर्देश के अनुपालन में जिला कार्यालय जैन कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी के प्रांगण से दिनांक 27/09/2021 को स्काउट-गाइड जनपदीय यूनिट द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। संपूर्ण क्षेत्र में स्काउट-गाइड,रोवर-रेंजर्स द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु नारे लगाते हुए तथा हाथों में जागरूकता स्लोगन पट्टीयों के साथ भ्रमण किया गया। इस रैली का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गजेंद्र कुमार जी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, जिला मुख्यायुक्त डा०कंचन प्रभा शुक्ला, अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह, जिला कमिश्नर स्काउट/गाइड डा०विनोद कुमार व रजनी गोयल द्वारा झंडी फहराते हुए किया गया। इस अवसर पर जिला सचिव श्रीमती रेणू गर्ग,श्री संतोष कुमार वर्मा,श्री विजय कुमार शर्मा, श्री सुखदेव मित्तल, सुनील दयाल, बीरबल, आदित्य प्रकाश सक्सेना, श्रीमती राजेश, मोनिका, प्रतिभा, जिला संगठन कमिश्नर भारत भूषण अरोरा, प्रभा दहिया, अमरपाल, अनिल कौशिक, श्रीमती किरण, अनुज कुमार, निर्वाचन कार्यालय से श्री रविंद्र कुमार, श्री कपिल कुमार, श्री जितेंद्र कुमार श्री सरफराज अहमद आदि उपस्थित रहे।



## जनपद बिजनौर

बिजनौर जनपद ने तहसील स्तर पर उ० प्र० भारत स्काउट और गाइड द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं में सक्रियतापूर्वक कार्य किया है, जिनके कुछ फोटो निम्नवत हैः- यातायात सप्ताह में मिशन शक्ति एवं यातायात के प्रति जागरुकता का कार्य करते हुए नारी शक्ति की कुछ झलकियाँ । श्री विदुर गुरु गृह इ० का० विदुरकुटी दारानगर गंज, मूर्ति देवी कन्या इ0 का0 नजीबाबाद की गाइडस ,स्काउटस ने जनसम्पर्क कर जागरुकता फैलाने में अपने क्षेत्र में भ्रमण किया। जनपद में 2 एल०टी०, 3 प्री०ए०एस०टी०ए०, 11 एच०डब्लू०बी० के, संरक्षण में डी०ओ०सी०/ डी०टी०सी० को जिला मुख्यायुक्त श्री राजेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश से वरिष्ठ स्काउटर श्री सत्य पाल सिह के निर्देशन में मास्क वितरण,कोविड-19 की गाइड लाइनस का अनुपालन करते हुए अपना उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने निवास स्थल की तहसील में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई। संचारी रोगों से बचाव में ,निर्मल गंगा योजना, सफाई अभियान में स्थानीय निवासियो के साथ मिलकर योजना पर कार्य किया |



## जनपद बहराइच

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बहराइच के तत्वाधान में दिनांक 15 से 21 सितम्बर की अवधि में बेसिक स्काउट मास्टर/ बेसिक गाइड कैप्टन एवं एडवांस स्काउट मास्टर / एडवांस गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महाराज सिंह इ० कालेज प्राचीन भवन- बहराइच में किया गया । जिसमे शिविर संचालक के रूप बेसिक स्काउट मास्टर कोर्स में श्री नज़ीर मुक़बिल, लीडर ट्रेनर (स्काउट) बेसिक गाइड कैप्टन कोर्स में श्रीमती केसरी मिश्रा, सहायक लीडर ट्रेनर (गाइड) एडवांस स्काउट मास्टर कोर्स में सुरेन्द्र यादव लीडर ट्रेनर (स्काउट) एडवांस गाइड कैप्टन कोर्स में श्रीमती किरण देवी सहायक लीडर ट्रेनर (गाइड) ने कार्य किया |



फोन : 0522-2332928
9839392275

# भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र०

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ – 226006
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org
रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

| मुख्य संरक्षक | उप मुख्य संरक्षक | अध्यक्ष | मुख्यायुक्त |
|---|---|---|---|
| माननीय श्री राज्यपाल<br>उ० प्र० | माननीय मुख्यमंत्री<br>उ० प्र० | डा० महेन्द्र सिंह<br>माननीय मन्त्री "जल शक्ति"<br>उ० प्र० | डा० प्रभात कुमार<br>आई०ए०एस०(से०नि०)<br>अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग, उ० प्र० |

पत्रांक संख्या – संग० 60/613 / 2021-22 दिनांक 27.09.2021

सेवा में,

समस्त जिला मुख्यायुक्त,
भारत स्काउट और गाइड,
उत्तर प्रदेश

**विषयः– सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना के संबंध में।**

महोदय,

स्काउटिंग / गाइडिंग कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन के दृष्टिकोण से सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना वर्ष 2021–22 से प्रारम्भ की जा रही है। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एंव दिशा निर्देश संलग्न कर प्रेषित किए जा रहे है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त विषयक योजना में अपने जनपद की प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हुए जनपद पुरस्कार योजना के विषयों पर आवश्यक कार्यवाही समय से करनें का कष्ट करें।

संलग्नकः–उक्तवत्।

भवदीय,

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1–समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
2–समस्त सहायक प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
3–प्रादेशिक सचिव भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
4–प्रादेशिक संगठन / प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट / गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
5–समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त,(स्काउट / गाइड) को इस निर्देश के साथ कि अपने मण्डल स्थित जनपदों से उक्त उक्त विषयक योजना में प्रतिभागिता कराना सुनिश्चित करें।
6–समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,उ0प्र0।
7–समस्त जिला कमिश्नर (स्काउट / गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
8–समस्त जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
9–जिला संगठन / प्रशिक्षण कमिश्नर(स्काउट / गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

# सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना - नियमावली

**प्रस्तावनाः**–प्रदेश स्तर पर सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया है। सभी जनपदों को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया हैः–श्रेणी "ए" में 35 जनपद तथा श्रेणी बी में 40 जनपद रखे गये है (सूची संलग्न है)।

**उद्देश्य : योजना के निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य है :–**

1. जनपदों द्वारा स्काउट/गाइड के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यो के प्रोत्साहन देना ।
2. युवा वर्ग में स्काउट/गाइड के सिद्वान्तों के प्रति रूचि उत्पन्न करते हुए जनपद स्तर पर बढावा देना।
3. जनपद स्तर पर स्काउट/गाइड से जुड़े पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करना।

**नियमावली व आवश्यक निर्देश निम्नवत् है:–**

1. 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक किए गए कार्यो की आख्या जनपद द्वारा 30 अप्रैल 2022 तक सर्वोत्तम जनपद योजना हेतु मुख्यालय को निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराई जायेगी।
2. चयनित जनपद एंव जनपद के पदाधिकारियों को वर्ष 2022 में प्रादेशिक परिषद/स्थापना दिवस / अन्य विशिष्ठ अवसर के अवसर पर पुरस्कृत/सम्मानित किया जायेगा।
3. सर्वोत्तम जनपद योजना में जनपदों का पृथक–पृथक मूल्यांकन उनकी श्रेणी में किया जायेगा।
4. सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार की धनराशि में से 50 प्रतिशत धनराशि जिला संस्था को एंव अवशेष 50 प्रतिशत धनराशि जिला मुख्यायुंक्त, जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड), जिला सचिव, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट/गाइड) एंव, जिला प्रशिक्षण कमिश्नर (स्काउट/गाइड) को जिला मुख्यायुक्त द्वारा कार्य के मूल्याकन के आधार पर प्रदान की जायेगी। योजना में पुरस्कृत जनपदो के जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया जायेगा।

**पुरस्कार धनराशि का विवरण :–**

**"ए" श्रेणी**

| पुरस्कार | पुरस्कार घनराशि | |
|---|---|---|
| | जनपद | जिला विद्यालय निरीक्षक |
| प्रथम | 1 लाख | 25 हजार |
| द्वितीय | 75 हजार | 15 हजार |
| तृतीय | 50 हजार | 10 हजार |

**"बी" श्रेणी**

| पुरस्कार | पुरस्कार घनराशि | |
|---|---|---|
| | जनपद | जिला विद्यालय निरीक्षक |
| प्रथम | 80 हजार | 20 हजार |
| द्वितीय | 60 हजार | 10 हजार |
| तृतीय | 40 हजार | 05 हजार |

**नोट**– यदि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला मुख्यायुक्त भी है, तो ऐसी स्थिति में जिला संस्था को प्राप्त होने वाली पुरस्कार धनराशि में से जिला मुख्यायुक्त धनराशि प्राप्त करने के अधिकारी नहीं होंगे। तथा उनके हिस्से की धनराशि जिला संस्था के पास चली जाएगी ।

...2/–

—2—

5–प्रदेश स्तर पर सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना में प्रतिभागिता हेतु जनपदों का चयन एक समिति के माध्यम से किया जायेगा जिसका गठन प्रादेशिक मुख्यायुक्त द्वारा किया जायेगाः।

6– **चयन करने का आधार एंव स्वमूल्यांकन प्रक्रिया** :– प्रत्येक जनपद का निम्नांकित 14 बिन्दुओं पर मूल्यांकन किया जायेगा तथा योजना के अनुरूप कुल 100 अंकों में से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर प्रथम तीन जनपदों का चयन दोनों श्रेणीयो में पृथक पृथक किया जायेगा ।

| क्रम | बिन्दु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | पंजीकृत दल (अनुदानित बेसिक विद्यालयों के दलों को छोडकर) | 10 |
| 2 | नवीनीकृत दल(अनुदानित बेसिक विद्यालयों के दलों को छोडकर) | 10 |
| 3 | 10 प्रतिशत स्काउट/गाइड अंशदान | 10 |
| 4 | वयस्क प्रशिक्षण बिगनर कोर्स, बेसिक/एडवांस कोर्स, विशेषज्ञता कोर्स | 05 |
| 5 | एच0डब्लू0बी0/प्री0ए0एल0टी0/ए0एल0टी0 तैयार करने पर | 05 |
| 6 | राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट/गाइड/रावेर/रेंजर की संख्या | 05 |
| 7 | प्रदेश संस्था के आजीवन सदस्यों की संख्या | 10 |
| 8 | प्रादेशिक कार्यक्रमों में प्रतिभागिता | 05 |
| 9 | राष्ट्रीय स्तर अवार्ड (पी0एम0शील्ड, लक्ष्मी मजूमदार, उपराष्ट्रपति अवार्ड) में प्रतिभागिता | 05 |
| 10 | जिला कार्यकारिणी/जिला काउंसिल/विभिन्न समितियों की बैठकें | 05 |
| 11 | जिला संस्था का वित्तीय प्रशासन | 05 |
| 12 | जिला संगठन | 05 |
| 13 | बेवसाइड अपडेशन और ओ0वाई0.एम0एस0 अपडेशन | 10 |
| 14 | अवशेषों के वसूली की स्थिति | 10 |
| | कुल | 100 अंक |

**मूल्यांकन प्रक्रियाः—मूल्यांकन प्रक्रिया निम्नवत् होगीः—**

**बिन्दु–1—** दल पंजीकरण (अनुदानित बेसिक दलों को छोडकर) – प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विपरीत माध्यमिक/शासकीय/अशासकीय माध्यमिक विद्यालय राजकीय विद्यालय, महाविद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2021–22 में पंजीकृत कराए गए दलों की संख्या के आधार पर कुल 10 अंको का निर्धारण निम्न प्रकार होगा :–

**जनपद द्वारा प्रस्तुत पंजीकृत दलों के विवरण पर अंक का निर्धारण :–**

| | |
|---|---|
| 100 प्रतिशत पंजीकृत दल होने पर | –10 अंक |
| 90 प्रतिशत पंजीकृत दल होने पर | –09 अंक |
| 80 प्रतिशत पंजीकृत दल होने पर | –08 अंक |
| 70 प्रतिशत पंजीकृत दल होने पर | –07 अंक |
| 60 प्रतिशत पंजीकृत दल होने पर | –06 अंक |
| 50 प्रतिशत पंजीकृत दल होने पर | –05 अंक |
| 40 प्रतिशत पंजीकृत दल होने पर | –04 अंक |
| 40 प्रतिशत से कम पंजीकृत दल होने पर | –शून्य अंक |

...3/—

**बिन्दु–2 –नवीनीकृत दल (अनुदानित बेसिक दलों को छोडकर)** – प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा जनपद में पंजीकृत दलो के सापेक्ष जनपद द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में नवीनीकरण कराने पर कुल 10 अंकों का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

**जनपद द्वारा पंजीकृत दलों के सापेक्ष नवीनीकरण कराने पर अंक का निर्धारणः– (मूल्यांकन हेतु ए श्रेणी में कम से कम 100 दलों का तथा बी श्रेणी में कम से कम 60 दलों का नवीनीकरण होना अनिवार्य है)**

| | |
|---|---|
| 100 प्रतिशत पंजीकृत दल नवीनीकृत होने पर | –10 अंक |
| 90 प्रतिशत पंजीकृत दल नवीनीकृत होने पर | –09 अंक |
| 80 प्रतिशत पंजीकृत दल नवीनीकृत होने पर | –08 अंक |
| 70 प्रतिशत पंजीकृत दल नवीनीकृत होने पर | –07 अंक |
| 60 प्रतिशत पंजीकृत दल नवीनीकृत होने पर | –06 अंक |
| 50 प्रतिशत पंजीकृत दल नवीनीकृत होने पर | –05 अंक |
| 40 प्रतिशत पंजीकृत दल नवीनीकृत होने पर | –04 अंक |
| 40 प्रतिशत से कम पंजीकृत दल नवीनीकृत होने पर | –शून्य अंक |

**बिन्दु–3 –10 प्रतिशत स्काउट/गाइड अंशदान–** वित्तीय वर्ष 2021–22में प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा जनपदों को 10 प्रतिशत अंशदान में दिये गये लक्ष्य के अनुक्रम में मुख्यालय को प्राप्त धनराशि के आधार पर कुल 10 अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

| | |
|---|---|
| 100 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | –10 अंक |
| 90 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | –09 अंक |
| 80 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | –08 अंक |
| 70 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | –07 अंक |
| 60 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | –06 अंक |
| 50 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | –05 अंक |
| 40 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | – 04 अंक |
| 30 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | – 03 अंक |
| 20 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | – 02 अंक |
| 20 प्रतिशत अंशदान राशि जमा होने पर | – शून्य अंक |

**बिन्दु–4 –वयस्क प्रशिक्षण बिगनर कोर्स, बेसिक/एडवांस कोर्स, विशेषज्ञता कोर्स–**प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वित्तीय वर्ष 2021–22 में जनपद द्वारा निम्नवत् प्रशिक्षण शिविरों में प्रतिभागिता के आधार पर कुल 5 अंकों का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

**'ए'–बिगिनर्स कोर्स –**

| | |
|---|---|
| जनपद स्तर पर बिगिनर्स कोर्स का आयोजन करने पर 300 की प्रतिभागिता होने पर | – 1 अंक |

...4/–

—4—

**'बी'—बेसिक कोर्स** —

जनपद स्तर पर सभी विंग में बेसिक कोर्स के आयोजन करने पर निम्नवत् संख्या में यूनिट लीडर की प्रतिभागिता पर कुल 2 अंकों का निर्धारण निम्नवत् हैः—

| | | |
|---|---|---|
| प्रतिभागी कब मास्टर | सं0— 40 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रतिभागी फ्लाक लीडर | सं0— 40 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रतिभागी स्काउट मास्टर | सं0— 40 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रतिभागी गाइड कैप्टन | सं0— 40 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रतिभागी रोवर लीडर | सं0— 40 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रतिभागी रेंजर लीडर | सं0— 40 होने पर | — 1/3 अंक |

**सी'—विशेज्ञता कोर्स** —जनपद स्तर पर स्कीम आफ ट्रेनिंग के आधार पर कोई 6 विषयो से संबंधित कोर्स आयोजित करने पर प्रत्येक कोर्स में 50 की संख्या में प्रतिभागिता होने पर कुल कुल 2 अंकों का निर्धारण इस प्रकार होगा :—

| | | |
|---|---|---|
| प्रत्येक बिषय से संबंधित कोर्स प्रतिभागी | सं0— 50 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रत्येक बिषय से संबंधित कोर्स प्रतिभागी | सं0— 50 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रत्येक बिषय से संबंधित कोर्स प्रतिभागी | सं0— 50 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रत्येक बिषय से संबंधित कोर्स प्रतिभागी | सं0— 50 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रत्येक बिषय से संबंधित कोर्स प्रतिभागी | सं0— 50 होने पर | — 1/3 अंक |
| प्रत्येक बिषय से संबंधित कोर्स प्रतिभागी | सं0— 50 होने पर | — 1/3 अंक |

**बिन्दु—5—एच0डब्लू0बी0/प्री0ए0एल0टी0/ए0एल0टी0 तैयार करने पर** —जनपद स्तर पर 1:4 (एक अनुपात चार) के अनुपात में यूनिट लीडर तैयार करने पर अर्थात् एक हिमालय उडबैज तैयार होने पर सम्बन्धित को 4 एडवांस लीडर तैयार करने है। इसी प्रकार 1 प्री0ए0एल0टी0 और 1 ए0एल0टी0 तैयार होने पर सम्बन्धित ट्रेनर को क्रमशः 4 हिमालय उडबैज और 4 प्री0ए0एल0टी0 तैयार करने की स्थिति में कुल 5 अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :—

| | |
|---|---|
| हिमालय उडबैज | — 02 अंक |
| प्री0ए0एल0टी0 | — 02 अंक |
| ए0एल0टी0 | — 01 अंक |

**बिन्दु—6—राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर की संख्या**— वित्तीय वर्ष में जनपद द्वारा राज्य पुरस्कार (स्काउट/गाइड)/(रोवर/रेंजर) तैयार कराये जाने पर प्रतिभागिता एवं संख्या के आधार पर कुल 5 अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :—

| | |
|---|---|
| राज्य पुरस्कार स्काउट तैयार करने पर | — 1½ अंक |
| राज्य पुरस्कार गाइड तैयार करने पर | — 1½ अंक |
| राज्य पुरस्कार रोवर तैयार करने पर | — 01 अंक |
| राज्य पुरस्कार रेंजर तैयार करने पर | — 01 अंक |

...5/—

—5—

**<u>बिन्दु–7 –प्रदेश संस्था के आजीवन सदस्यो की संख्या–</u>** प्रदेश द्वारा दिये गये लक्ष्य के अनुसार आजीवन सदस्य बनाये जाने पर कुल 10 अंकों में से अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

| | |
|---|---|
| 100 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 10 अंक |
| 90 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 09 अंक |
| 80 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 08 अंक |
| 70 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 07 अंक |
| 60 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 06 अंक |
| 50 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 05 अंक |
| 40 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 04 अंक |
| 30 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 03 अंक |
| 20 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 02 अंक |
| 10 प्रतिशत आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – 01 अंक |
| 10 प्रतिशत से कम आजीवन सदस्य बनाये जाने पर | – शून्य |

**<u>बिन्दु–8 –प्रादेशिक कार्यक्रमो मे प्रतिभागिता :</u>**–वित्तीय वर्ष 2021–22 में संगठन व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागिता कराये जाने पर कुल 5 अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

**<u>प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>**

| | |
|---|---|
| **ए**–रि0ओरिण्टेशन / रि0यूनियन में प्रतिभागिता होने पर | – 01 अंक |
| **बी**–सेमिनार / सिम्पोजियम में प्रतिभागिता होने पर | – 01 अंक |
| **सी**–आफिसर्स कोर्स में प्रतिभागिता होने पर | – 01 अंक |

**<u>संगठन कार्यक्रम</u>**

| | |
|---|---|
| **ए**–डिस्टिक लेविल आफिर्स / यूनिट लीडर सेमिनार में प्रतिभागिता होने पर | – 01 अंक |
| **बी**–ब्वाय / गर्ल कार्यक्रमों में प्रतिभागिता होने पर | – 01 अंक |

**<u>बिन्दु–9–राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड ( पी0एम0शील्ड, लक्ष्मी मजूमदार, उपराष्ट्रपति अवार्ड)में प्रतिभागिता–</u>** वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रदेश द्वारा निर्धारित तिथि पर पी0एम0 शील्ड, लक्ष्मी मजूमदार, उपराष्ट्रपति अवार्ड में प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण कराने पर कुल 5 अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

| | |
|---|---|
| **ए**– पी0एम0 शील्ड प्रतियोगिता हेतु स्काउट विंग से 6 आवेदन पंजीकृत कराने पर | – 01 अंक |
| **बी**– पी0एम0 शील्ड प्रतियोगिता हेतु गाइड विंग से 6 आवेदन पंजीकृत कराने पर | – 01 अंक |
| **सी**– उपराष्ट्रपति अवार्ड में प्रतियोगिता हेतु रोवर विग से 4 आवेदन पंजीकृत करा ने पर | – 01 अंक |
| **डी**– उपराष्ट्रपति अवार्ड में प्रतियोगिता हेतु रेंजर विग से 4 आवेदन पंजीकृत कराने पर | – 01 अंक |
| **ई**– लक्ष्मी मजूमदार अवार्ड में प्रतियोगिता हेतु स्काउट / गाइड,रोवर / रेंजर,विंग में 4 आवेदन पंजीकृत कराने पर | – 01 अंक |

...6 / –

–6–

**बिन्दु–10**–जिला कार्यकारिणी/जिला काउंसिल/विभिन्न समितियों की बैठकें –वित्तीय वर्ष 2021–22 में ए0पी0आर0ओ0 के अनुसार अनिवार्य जिला कार्यकारिणी/जिला काउंसिल/विभिन्न समितियों की बैठके आयोजित किये जाने पर जिनका कार्यवृत्त भी मुख्यालय को प्रेषित किया हो, कुल 5 अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

**ए**–जिला कार्यकारिणी की 2 अनिवार्य बैठकों के आयोजन पर – 02 अंक

**बी**–जिला परिषद की 1 अनिवार्य बैंठक के आयोजन पर – 01 अंक

**सी**–विभिन्न समितियों की बैठकों के आयोजन पर – 02 अंक

**बिन्दु–11–जिला संस्था का वित्तीय प्रशासन**–प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा जिला संस्था को वित्तीय प्रशासन के दिशा निर्देश प्रादेशिक मुख्यालय के पत्र सं0 सी0जी0–94/2020–21 दिनांक 24.09.2020 द्वारा प्रेषित किये गये है। जारी निर्देशो के अनुक्रम में जिला संस्था द्वारा वित्तीय प्रशासन की व्यवस्था के अनुपालन पर कुल 5 अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

**ए**–जिला संस्था द्वारा नियमित आडिट कराने तथा वित्तीय वर्ष की प्रादेशिक मुख्यालय को आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर – 02 अंक

**बी**–जिला संस्था के खाते का नियमानुसार संचालन कराये जाने पर – 01 अंक

**सी**–प्रादेशिक अंशदान का जिला संस्था द्वारा समय से भुगतान किये जाने पर – 01 अंक

**डी**–वित्तीय अभिलेखों का नियमानुसार रख रखाव किये जाने पर – 01 अंक

**बिन्दु–12–जिला संगठन**– जिला संस्था द्वारा जिला कार्यकारिणी एवं जिला काउन्सिल के सभी पदों पर नियमानुसार नियुक्ति कराये जाने पर जिला संस्था के कार्यालय व अभिलेखों को व्यवस्थित किये जाने पर कुल 5 अंको का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

**ए**–जिला कार्यकारिणी/जिला काउंन्सिल के सभी पदों पर नियुक्ति होने पर – 02 अंक

**बी**–जिला संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट/गाइड, सहायक जिला कमिश्नर, (स्काउट/गाइड) मुख्यालय आयुक्त (स्काउट/गाइड)के अधिकार पत्र निर्गत होने पर – 01 अंक

**सी**–जिला संस्था के अभिलेखों का नियमानुसार रखरखाव होने पर – 01 अंक

**डी**–जिला संस्था का कार्यालय व्यवस्थित होने पर – 01 अंक

...7/–

–7–

**बिन्दु–13–वेबसाइट अपडेशन और ओ0वाई0.एम0एस0 अपडेशन/यू0आई0डी0 अपडेशन–** वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा जिला संस्थाओं को वेबसाइट अपडेशन और ओ0वाई0.एम0एस0 अपडेशन के सुचारू रूप से जनपदों में संचालित किये जाने हेतु निर्देश प्रेषित किये गये है। उसी कम में कुल 10 अंकों में से अनुपालन की स्थिति में अंको का निर्धारण निम्नवत् होगाः–

(I) OYMS के अनुसार जनपदो द्वारा दलों का आन लाइन कराना – 5 अंक **(इनका मूल्यांकन निम्नप्रकार होगा)**

ओ0वाई0एम0एस0 के अनुसार जनपदों द्वारा दलों को 100 प्रतिशत आनलाइन कराये जाने पर –05 अंक
ओ0वाई0एम0एस0 के अनुसार जनपदों द्वारा दलों को 50 प्रतिशत आनलाइन कराये जाने पर –02 अंक
ओ0वाई0एम0एस0 के अनुसार जनपदों द्वारा दलों को 25 प्रतिशत आनलाइन कराये जानेपर –01 अंक
ओ0वाई0एम0एस0 के अनुसार जनपदों द्वारा दलों को 25 प्रतिशत से कम आनलाइन कराये जाने –शून्य अंक

(II) सभी दलो की यू.आई.डी. उपलब्ध करानें पर –01 अंक

(III) जनपद स्तर पर वेबसाइट लागू कराये जाने पर (मुख्यालय के वेबपेंज पर) तथा उसके अपडेशन पर –02 अंक

(IV) जनपद स्तर पर डिजिटल ट्रांजक्सन करने पर –01 अंक

(V) जनपद स्तर से त्रैमासिक पत्रिका में योगदान करने पर –01 अंक

**बिन्दु–14– अवशेषों के वसूली की स्थिति :–** प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा जिला संस्थाओं को प्रादेशिक मुख्यालय के नवीनीकरण/सम्बद्धता शुल्क/अंशदान के अवशेषों की सूचना प्रेषित की गई है। जिला संस्था द्वारा अवशेषों के सम्बन्ध में प्रादेशिक मुख्यालय को धनराशि प्रेषित किये जाने पर कुल 10 अंकों का निर्धारण इस प्रकार होगा :–

| | |
|---|---|
| 100 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 10 अंक |
| 90 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 09 अंक |
| 80 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 08 अंक |
| 70 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 07 अंक |
| 60 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 06 अंक |
| 50 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 05 अंक |
| 40 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 04 अंक |
| 30 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 03 अंक |
| 20 प्रतिशत अवशेष धनराशि जमा करने पर | – 02 अंक |
| 20 प्रतिशत से कम अवशेष धनराशि जमा करने पर | – शून्य अंक |

**नोट– निर्धारित प्रारूप के साथ सर्पोटिग डाकूमेंण्ट्स लगाना अनिवार्य होगा। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

7–**समय सीमा** :–

निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करने की अंतिम तिथि– 30 जून,2022

8–योजना के अन्तर्गत क्वालीफाई करने एवं अर्ह होने के लिए 100 अंको में से कम से कम 60 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। 60 अंक से कम अंक प्राप्त करने पर जनपद पुरस्कार प्राप्त करने हेतु अर्ह नही होगा ।

9–सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना में समस्त अधिकार प्रादेशिक मुख्यायुक्त में निहित होंगे तथा प्रादेशिक मुख्यायुक्त का निर्णय अंतिम होगा।

==========XXX==========

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक मुख्यालय : महानगर, लखनऊ

## सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना - प्रारूप

जनपद : ........................................

जनपद सम्बद्धता क्रमांक : ..................

### विषय 01 – यूनिट पंजीकरण

- जनपद में स्थित अशासकीय मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की संख्या : .................
- जनपद में स्थित राजकीय विद्यालयों की संख्या : ...................................................
- जनपद में स्थित अशासकीय महाविद्यालयों की संख्या : ..........................................
- जनपद में स्थित राजकीय महाविद्यालयों की संख्या : ...........................................
- जनपद में स्थित बेसिक विद्यालयों की संख्या : ...................................................
- वित्तीय वर्ष से पूर्व जनपद में कुल पंजीकृत यूनिट्स की संख्या : ...............................

1. जनपद में वित्तीय वर्ष में पंजीकृत यूनिट्स की संख्या (बेसिक अनुदानित को छोड़कर) निम्नानुसार

| कब | बुलबुल | स्काउट | गाइड | रोवर | रेंजर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

- ✓ प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा दिया गया लक्ष्य : ...............
- ✓ जनपद द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त उपलब्धि का प्रतिशत :.................

### विषय 02 – यूनिट नवीनीकरण

1. जनपद में वित्तीय वर्ष में नवीनीकृत यूनिट्स की संख्या (बेसिक अनुदानित को छोड़कर) :

| विवरण | कब | बुलबुल | स्काउट | गाइड | रोवर | रेंजर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्गत जनगणना प्रपत्र के अनुसार यूनिट्स की संख्या | | | | | | | |
| प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्गत जनगणना प्रपत्र के सापेक्ष नवीनीकृत यूनिट्स की संख्या | | | | | | | |

- ✓ प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा दिया गया लक्ष्य : ................
- ✓ जनपद द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त उपलब्धि का प्रतिशत :.................

### विषय 03 – 10 प्रतिशत अंशदान

1. वित्तीय वर्ष में 10 प्रतिशत अंशदान का विवरण

| विवरण | धनराशि |
|---|---|
| प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्गत प्रपत्र के अनुसार 10% अंशदान की धनराशि | |
| प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्गत प्रपत्र के सापेक्ष जमा की गई धनराशि | |

- ✓ प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा दिया गया लक्ष्य : ..............

...2/-

-2-

✓ जनपद द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त उपलब्धि का प्रतिशत :................

विषय 04 – वयस्क प्रशिक्षण

1. वयस्क प्रशिक्षण बिगनर्स कोर्स, बेसिक/एडवांस कोर्स, विशेषज्ञता कोर्स के प्रतिभागिता

➢ बिगनर्स कोर्स :-

| कोर्स की संख्या | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|
| | |

➢ जनपद में आयोजित सभी विंग में बेसिक कोर्स के आयोजन पर प्रतिभागी संख्या :-

| कब मास्टर | फ्लाक लीडर | स्काउट मास्टर | गाइड कैप्टन | रोवर लीडर | रेंजर लीडर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

➢ विशेषज्ञता कोर्स :- जनपद में आयोजित कोई 06 विषयों पर विशेष कोर्स के आयोजन का विवरण

| क्रम० सं० | कोर्स का नाम | कोर्स की संख्या | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |
| 6 | | | |

विषय 05 – एच०डब्लू०बी०/प्री ए०एल०टी०/ए०एल०टी० :-

➢ वित्तीय वर्ष में जनपद में तैयार एच०डब्लू०बी० धारक / ट्रेनर्स की संख्या

| एच०डब्लू०बी० | प्री ए०एल०टी० | ए०एल०टी० |
|---|---|---|
| | | |

विषय 06 – राज्य पुरस्कार (स्काउट/गाइड, रोवर रेंजर) :-

➢ वित्तीय वर्ष में जनपद में जाँच शिविर में सफल स्काउट/गाइड, रोवर रेंजर की संख्या

| स्काउट | गाइड | रोवर | रेंजर |
|---|---|---|---|
| | | | |

...3/-

-3-

विषय 07 – आजीवन सदस्य :-

➤ वित्तीय वर्ष में जनपद द्वारा बनाये गये आजीवन सदस्यों की संख्या

| प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य | लक्ष्य के सापेक्ष बनाए गये सदस्य |
|---|---|
| | |

✓ जनपद द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त उपलब्धि का प्रतिशत :................

विषय 08 – प्रादेशिक कार्यक्रम में प्रतिभागिता :-

➤ प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्रम० सं० | कोर्स का नाम | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|---|
| 1 | रि० ओरियंटेशन / रियूनियन | |
| 2 | सेमीनार / सिपोज़ियम | |
| 3 | आफिसर्स कोर्स | |

➤ संगठन कार्यक्रम

| क्रम० सं० | कोर्स का नाम | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक लेवल आफिसर्स कोर्स/ यूनिट लीडर लीडर सेमीनार | |
| 2 | बालक / बालिका कार्यक्रम | |

विषय 09 – राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड :-

➤ वित्तीय वर्ष में जनपद द्वारा प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता, उपराष्ट्रपति, लक्ष्मी मजुमदार पुरस्कार के लिए पंजीकृत यूनिट की संख्या

| प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता (स्काउट) | प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता (गाइड) | उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता (रोवर) | उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता (रेन्जर) | लक्ष्मी मजुमदार पुरस्कार |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

विषय 10 – जिला कार्यकारिणी / जिला काउन्सिल / विभिन्न समितियों की बैठकें :-

➤ वित्तीय वर्ष में जिला संस्था द्वारा आयोजित जिला कार्यकारिणी / जिला काउन्सिल / विभिन्न समितियों की बैठकों का विवरण

| क्रम०सं० | नाम | बैठकों की संख्या | दिनांक | स्थान | प्रतिभागी संख्या | बैठक का कार्यवृत्त जारी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला कार्यकारिणी | | | | | |
| 2. | जिला काउन्सिल | | | | | |
| 3. | विभिन्न समितियां (नाम अंकित करें) | | | | | |
| | 1 | | | | | |

...4/-

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | |
| | 3 | | | | | |
| | 4 | | | | | |
| | 5 | | | | | |

**विषय 11 – जिला संस्था का वित्तीय प्रशासन :-**

➢ **वित्तीय वर्ष में जिला संस्था का वित्तीय प्रशासन हेतु निम्नानुसार अनुपालन की स्थिति : (हाँ या नही अंकित करें)**

| क्रम० सं० | विवरण | हाँ या नही | आडिट रिपोर्ट /अंशदान भेजने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला संस्था में नियमित आडिट हो रहा है | | |
| 2 | वित्तीय वर्ष की जिला संस्था द्वारा प्रादेशिक मुख्यालय को आडिट प्रेषित की गई | | |
| 3 | जिला संस्था के खाते का नियमानुसार संचालन | | |
| 4 | प्रादेशिक अंशदान का जिला संस्था द्वारा समय से भुगतान | | |
| 5 | वित्तीय अभिलेखों का नियमानुसार रख रखाव | | |

**विषय 12 – जिला संगठन :-**

➢ **वित्तीय वर्ष में जिला संस्था द्वारा जिला कार्यकारिणी एवं जिला काउन्सिल के सभी पदों पर नियमानुसार नियुक्ति एवं जिला संस्था के कार्यालय व अभिलेखों को व्यवस्थित किये जाने की स्थिति (हाँ या नही में अंकित करें)**

| क्रम० सं० | विवरण | हाँ या नही |
|---|---|---|
